बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना–800001

फोन– 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, , वेबसाईट : http://bsea.bihar.gov.in, वेबसाईट : bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक 04/11/2026

अधिसूचना

संख्या–नि॰ प्रा॰/ नि॰ 1–01/2025 2496. प्राधिकार की अधिसूचना संख्या– 1914 दिनांक 07.08.2026 द्वारा **क्षेत्रीय हस्तकरघा बुनकर सहयोग संघ लिमिटेड, बिहारशरीफ के प्रबंधकारिणी समिति का** निर्वाचन हेतु कार्यक्रम अधिसूचित किया गया था। उक्त समिति का निर्वाचन कार्यक्रम निर्वाचित होने वाले पदों की अस्पष्टता एवं मतदाता सूची विवाद के कारण प्राधिकार की अधिसूचना संख्या– 2106 दिनांक 03.09.2026 द्वारा अगले आदेश तक स्थगित किया गया था। निर्वाचन कार्यक्रम स्थगन के पूर्व नामांकन, संवीक्षा एवं अभ्यर्थिता वापसी/प्रतीक आवंटन का कार्यक्रम संपन्न हो चुका था।

2. अतः उक्त आलोक में **क्षेत्रीय हस्तकरघा बुनकर सहयोग संघ लिमिटेड, बिहारशरीफ के प्रबंधकारिणी समिति** के निर्वाचन कार्यक्रम को अधिसूचना संख्या– 1914 दिनांक 07.08.2026 के क्रम में स्थगन के स्तर से निम्नवत् निर्धारित किया जाता है:–

(i)	निर्वाचन प्रक्रिया जारी रखते हुए संशोधित कार्यक्रम का निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रकाशन	09.11.2026 (सोमवार)
(ii)	मतदान, अगर आवश्यक हो	21.11.2026 (शनिवार) 7:00 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक
(iii)	मतगणना	21.11.2026 (शनिवार) (मतदान के तुरंत पश्चात्)
(iv)	निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति	23.11.2026 (सोमवार)

3. उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में **क्षेत्रीय हस्तकरघा बुनकर सहयोग संघ लिमिटेड, बिहारशरीफ के प्रबंधकारिणी समिति** के मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका (20 सितम्बर, 2024 तक संशोधित) के अध्याय–3 की कंडिका– (1) से (5) में वर्णित निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), बिहारशरीफ सदर इसका अनुपालन प्रतिवेदन प्राधिकार को **दिनांक 11.11.2026 तक** उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

4. मतदान का समय 07:00 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक होगा। निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात् प्रपत्र– ई॰18 (निर्वाचित सदस्यों की सूची) और निर्वाचन पदाधिकारी के नाम, हस्ताक्षर, तिथि एवं मुहर युक्त अंतिम मतदाता सूची (जिसपर निर्वाचन संपन्न हुआ हो) की मूल प्रति स्कैन कराकर प्राधिकार के वेबसाईट

पर अपलोड करायेंगे। इसके लिए अधिसूचना संख्या– 1914 दिनांक 07.08.2026 के परिशिष्ट–1 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जाएगा।

5. **बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा निरूपित आदर्श आचार संहिता निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति अर्थात् दिनांक 20.11.2026 तक लागू रहेगी। आदर्श आचार संहिता से संबंधित अनुदेश "सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका" के पृष्ठ 134–142 पर देखा जा सकता है।**

6. अधिसूचना संख्या– 1914 दिनांक 07.08.2026 की शेष बातें यथावत रहेंगी।

4.11.26

(कयूम अंसारी)
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2496 पटना/ दिनांक 04/11/2026

प्रतिलिपि : ई–गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

4.11.26

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2496 पटना/ दिनांक 04/11/2026

प्रतिलिपिः प्रमंडलीय आयुक्त, पटना/ जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰), नालन्दा/ पुलिस अधीक्षक, नालन्दा/उप विकास आयुक्त –संह– नोडल पदाधिकारी (स॰स॰), नालन्दा/जिला सहकारिता पदाधिकारी, नालन्दा/ अनुमंडल पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰), बिहारशरीफ सदर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.11.26

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2496 पटना/ दिनांक 04/11/2026

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना/ महानिदेशक, होम गार्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.11.26

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2496 पटना/ दिनांक 04/11/2026

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना/सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/निदेशक, हथकरघा और रेशम उत्पादन निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.11.26

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2496 पटना/ दिनांक 04/11/2026

प्रतिलिपिः प्रमुख स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित।

4.11.26

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2496 पटना/ दिनांक 04/11/2026

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/परामर्शी/अवर सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. श्री वेद प्रकाश, आई॰टी॰ प्रोफेशनल को इस निदेश के साथ प्रेषित कि वेबसाईट से संबंधित अनुवर्ती कार्रवाई ससमय करना सुनिश्चित करेंगे।

4.11.26

संयुक्त सचिव।